विद्या भारती
उच्च शिक्षा संस्थान
Vidya Bharati
Uchcha Shiksha Sanstha

To,

**Participant Name:** kotakommala yellaiah
**Unique Participant ID:** PS-2026-000003
**Program Date:** 19/06/2026 - 23/06/2026
**Internship Name:** test program two
**Certificate ID:** INTN-002-2026-000002

**विषय : एक सप्ताहीय "विद्या भारती विद्यालय दर्शन शिक्षक विकास कार्यक्रम (एफ.डी.पी.) सह इंटर्नशिप" में सहभागिता हेतु आमंत्रण।**

आदरणीय महोदय / महोदया,

सप्रेम नमस्कार।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 द्वारा परिकल्पित भारतीय शिक्षा-पुनर्जागरण की दिशा में शिक्षक-शिक्षा के पुनर्संरचनात्मक प्रयासों को सशक्त आधार प्रदान करने के उद्देश्य से **विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान** द्वारा **एक सप्ताहीय "विद्या भारती विद्यालय दर्शन शिक्षक विकास कार्यक्रम (Faculty Development Programme) सह इंटर्नशिप"** का आयोजन प्रस्तावित है।

यह कार्यक्रम भारतीय शिक्षा-दर्शन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020, राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक शिक्षक (NPST), पंचकोशात्मक समग्र विकास, पंचपदी शिक्षण-पद्धति तथा विद्यालयी शिक्षा के व्यवहारगत आयामों को प्रत्यक्ष रूप से समझने एवं अनुभव करने का एक विशिष्ट अवसर प्रदान करेगा। कार्यक्रम का आयोजन **राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (NCTE)** एवं **इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर ऑफ टीचर एजुकेशन (IUCTE), काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी** के ज्ञान-सहयोग (Knowledge Partnership) में प्रस्तावित है।

यह कार्यक्रम मात्र प्रशिक्षण नहीं, अपितु **अवलोकन, संवाद, मनन, चिंतन, अनुभव एवं आत्मपरिष्कार** पर आधारित एक गहन शैक्षिक साधना है। प्रतिभागियों को देश के उत्कृष्ट व्यवहारगत विद्यालयों में रहकर भारतीय शिक्षा के जीवंत स्वरूप का प्रत्यक्ष अवलोकन करने, शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं विद्यालय-प्रबंधन से संवाद स्थापित करने तथा भारतीय शिक्षा-मॉडल की व्यावहारिक प्रभावशीलता का अनुभव करने का अवसर प्राप्त होगा।

**कार्यक्रम की विशेषताएँ**

- भारतीय शिक्षा-दर्शन का जीवंत अनुभव।
- पंचकोशाधारित विकास का व्यवहारगत अवलोकन।
- शिशुवाटिका एवं आधारभूत स्तर से लेकर माध्यमिक स्तर तक की भारतीय शैक्षिक प्रक्रियाओं का अध्ययन।
- योग, कला, संस्कृति, भाषा, प्रकृति एवं समुदाय-आधारित शिक्षण का अनुभव।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 एवं NCFSE-2023 के व्यवहारगत क्रियान्वयन का अवलोकन।

**सहभागिता सम्बन्धी आवश्यक सूचना**

कार्यक्रम में प्रतिभागियों की संख्या सीमित होने के कारण चयन पंजीकरण अथवा संस्थागत नामांकन के आधार पर किया जाएगा। पंजीकरण विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान के अधिकृत वेब-पोर्टल के माध्यम से सम्पन्न होगा तथा चयनित अभ्यर्थियों को पृथक रूप से सूचित किया जाएगा।

चयनित प्रतिभागियों हेतु आवास एवं भोजन की व्यवस्था निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। यात्रा-व्यय का वहन प्रतिभागी अथवा संबंधित शिक्षक-शिक्षा संस्था / विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा।

यह कार्यक्रम पूर्णतया प्रत्यक्ष (Offline), अनुभव-आधारित (Immersive) तथा क्षेत्राधारित (Field-Based) स्वरूप का होगा, जिसका प्रमुख उद्देश्य प्रतिभागियों को भारतीय शिक्षा के व्यवहारगत आयामों का प्रत्यक्ष अवलोकन, संवाद, मनन, चिंतन एवं अनुभव प्रदान करना है।

अतः आपसे सादर अनुरोध है कि इस महत्त्वपूर्ण शैक्षिक उपक्रम में सहभागिता प्रदान कर भारतीय शिक्षा के जीवंत स्वरूप का अनुभव करें तथा शिक्षक-शिक्षा के पुनर्रचना अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करें।

**"अपने 100 घंटे प्रदान कीजिए; भारतीय शिक्षा को व्यवहार में अनुभव कीजिए।"**

आपकी सहभागिता की प्रतीक्षा में।

सादर।

भवदीय,

**(प्रो. नरेन्द्र कुमार तनेजा)**

राष्ट्रीय महामंत्री

विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान

**संलग्न :**

1. कार्यक्रम रूपरेखा एवं पंजीकरण विवरण
2. कार्यक्रम समय-सारणी एवं दिशा-निर्देश